web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, बुधवार 08 जनवरी 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 101

## समीक्षा खत्म अब मंत्रालयों का रोडमैप तैयार करने में जुटा पीएमओ


» ज्यादातर मंत्रालय में काम की रफ्तार से पीएम असंतुष्ट

» दिल्ली चुनाव के बाद मंत्रिमंडल में व्यापक फेरबदल की संभावना

» सचिवों-विशेषज्ञों की सलाह के अनुरूप तैयार हो रहा मंत्रालयों का रोडमैप

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने दो दौर में विभिन्न मंत्रालयों के कामकाज की समीक्षा पूरी कर ली है। इसके बाद अब पीएमओ सरकार के बाकी बचे कार्यकाल के दौरान अहम मंत्रालयों का रोडमैप तैयार करने में जुट गया है। पीएम की योजना मंत्रिमंडल फेरबदल के बाद नए मंत्रियों को रोडमैप के साथ जिम्मेदारी सौंपने की है। सरकार में बजट सत्र के प्रथम चरण और दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद मंत्रिमंडल में व्यापक फेरबदल को ले कर सुगबुगाहट तेज हो गई है।

पीएम ने पीएमओ के वरिष्ठ अधिकारियों और गृह मंत्री के साथ पहले 21 दिसंबर और बाद में 4 से 6 जनवरी तक विभिन्न मंत्रालयों के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान विभिन्न मंत्रियों ने कामकाज को ले कर जहां प्रस्तुति दी, वहीं पीएम ने मंत्रालयों के सचिवों केसाथ अलग-अलग समूह में लंबी चर्चा की। सचिवों से कामकाज की वर्तमान स्थिति, मंत्रालयों का प्रदर्शन, कामकाज के रास्ते में आ रही अड़चनों और भावी रोडमैप पर बात की गई। सचिवों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की भी राय ली गई है। अब



इसी आधार पर पीएमओ जल संसाधन, कृषि, विद्युत, कौशल विकास, शहरी आवास जैसे अहम मंत्रालयों के लिए रोडमैप तैयार करने में जुटा है। सूत्रों का कहना है कि बजट सत्र शुरू होने से पहले पीएमओ ऐसे मंत्रालयों के भविष्य का रोडमैप तैयार कर लेगा।

### व्यापक फेरबदल के संकेत

हालांकि इस दौरान मंत्रिमंडल में फेरबदल पर बातचीत नहीं हुई, मगर जिस प्रकार मंत्रालयों के कामकाज की समीक्षा की गई और पीएम ने बाकी बचे कार्यकाल में विभिन्न मंत्रालयों के लिए रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए, उसे विस्तार से जोड़ कर देखा जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि पीएम ज्यादातर मंत्रालयों के कामकाज के रफ्तार से संतुष्ट नहीं हैं। गौरतलब है कि पहले कार्यकाल के 70 मंत्रियों की तुलना में दूसरे कार्यकाल में महज 57 मंत्री हैं। इनमें कई मंत्री दोहरी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, जबकि महज तीन सहयोगियों को ही मंत्रिमंडल में जगह मिली है। सूत्रों का कहना है कि विस्तार बजट सत्र के प्रथम चरण और दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद संभव है। चुनाव के तत्काल बाद भाजपा में नए अध्यक्ष की नियुक्ति के साथ संगठन में फेरबदल संपन्न हो जाएगा। इसके बाद विस्तार का रास्ता साफ हो जाएगा।

### सहयोगियों को साधना जरूरी

वर्तमान मंत्रिमंडल में जदयू, अपना दल, अन्नाद्रमुक को प्रतिनिधित्व नहीं है। सरकार की कोशिश वाईएसआर कांग्रेस को भी साधने की है। खासतौर से बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव है। जबकि दक्षिण में पार्टी अपना आधार बढ़ाना चाहती है।

## पीएम मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से बात कर नए साल की बधाई दी

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ बात की और उन्हें नए साल की बधाई दी। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रम्प, उनके परिवार और संयुक्त राज्य अमेरिका के लोगों के लिए नए साल में अच्छे स्वास्थ्य, समृद्धि और सफलता की कामना की।



प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंध विश्वास, आपसी सम्मान और समझ पर बने हैं और इनमें और सुदृढ़ता आई है। प्रधानमंत्री ने पिछले वर्षों के दौरान दोनों देशों के बीच मजबूत होती सामरिक साझेदारी में हुई महत्वपूर्ण प्रगति पर प्रकाश डाला और राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ आपसी हित के सभी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की दिशा में सहयोग जारी रखने की इच्छा व्यक्त की।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने नए साल में भारत के लोगों की समृद्धि और प्रगति की कामना की। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों के दौरान संबंधों में हासिल हुई उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त किया और द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

## नोटों पर स्लोगन लिखने का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। कश्मीरी अलगाववादियों ने दवारा साल 2013 में नोटों पर नारे लिखने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। अदालत ने केंद्र सरकार को इस ममाले पर गौर करने के लिए कहा है क्योंकि यह राष्ट्र हित का हो सकता है। मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे के नेतृत्व वाली पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वह इसपर दो हफ्ते के अंदर जवाब दें क्योंकि यह राष्ट्रहित का मामला है। अदालत में इस मामले से संबंधित याचिका सतीश भारद्वाज ने दायर की है।

## दिल्ली-एनसीआर में फिर बढ़ेगी कंपकंपा देने वाली ठंड

» अगले 24 घंटे में हो सकती है बारिश

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली-एनसीआर में सोमवार शाम और देर रात हुई हल्की बारिश ने एक बार फिर ठंड बढ़ा दी है. मौसम विभाग के अनुसार इसके चलते तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जा सकती है. वहीं आने वाले 24 घंटों में एक बार फिर दिल्ली-एनसीआर में बारिश होने की संभावना जताई गई है. साथ ही फिर एक बार कंपकपा देने वाली ठंड से राजधानीवासियों को रूबरू होना पड़ सकता है. वहीं जम्मू-कश्मीर , हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में बादल छाए हुए हैं. कुछ पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी ने एक बार फिर पारा गिरा दिया है.

वहीं, मौसम विज्ञानियों ने जानकारी दी कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में दो दिनों से बादल छाए रहे और न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़त देखने को मिली लेकिन आने वाले दो दिनों में इसके काफी कम होने की संभावना है. विज्ञानियों के अनुसार आने वाले दो दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के चलते बारिश होने की संभावना है जिसके बाद तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।



दिल्ली में सोमवार को अधिकतम तापमान 19.1 डिग्री सेल्सियस रहा जो साल की इस अवधि का सामान्य तापमान है. वहीं, शहर का न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक है वहीं उत्तर भारत के कई इलाकों में सोमवार को 2020 का पहला हिमपात भी हुआ. श्रीनगर में हिमपात के साथ ही हल्की बारिश भी हुई जिसके बाद न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे चला गया।

## आज तय हो सकता है चारों 'दरिंदों' के लिए फांसी का दिन

» निर्भया गैंगरेप केस

नईदिल्ली (आरएनएस)। राजधानी में सात साल पहले हुए निर्भया गैंगरेप केस के चार दोषियों के लिए आज मंगलवार को फांसी की सजा का ऐलान हो सकता है। पटियाला हाउस कोर्ट सजा की तारीख तय करेगा। कोर्ट ने दोषियों के डेथ वारंट पर 7 जनवरी तक सुनवाई टाल दी थी। सोमवार को चार दोषियों में से एक के पिता की फांसी को टालने की कोशिश नाकाम हो गई।



कोर्ट ने मामले के एकमात्र चश्मदीद गवाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की याचिका खारिज कर दी। दोषी पवन गुप्ता ने कोर्ट में गवाह अवनींद्र पांडे के खिलाफ याचिका दायर की थी। पवन ने निर्भया के दोस्त पर आरोप लगाया कि उसने पैसे लेकर गवाही दी, इसलिए उसके खिलाफ एफआईआर होनी चाहिए।

अदालत को शिकायत में लगाया गया कोई भी आरोप संज्ञान लेने योग्य नहीं लगा। पवन की शिकायत में आईपीसी की धारा 193 से 196 के तहत झूठे साक्ष्य पेश करने से जुड़े आरोपों को लेकर कोर्ट ने कहा कि इस पर संज्ञान लेने के लिए अदालत या उसके द्वारा नियुक्त किसी अधिकारी की ओर लिखित में कंप्लेंट जरूरी है। गौरतलब है कि 16 दिसंबर 2012 की रात चलती बस में 6 दरिंदों ने एक 23 साल की पैरामेडिकल स्टूडेंट से गैंगरेप किया था। कुछ दिनों बाद इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई थी। पवन, मुकेश, अक्षय और विनय को मौत की सजा सुनाई गई। मुख्य आरोपी राम सिंह ने ट्रायल के दौरान तिहाड़ जेल में खुदकुशी कर ली थी, जबकि एक नाबालिग आरोपी 3 साल बाल सुधार गृह में रहने के बाद छूट चुका है।

## सीबीआई ने कालाधन हांगकांग भेजने पर दर्ज की 51 के खिलाफ एफआईआर

नई दिल्ली (आरएनएस)। कालेधन के खिलाफ चल रहे अभियान में केंद्र सरकार बड़ी सफलता मिली है। सीबीआई ने लंबी जांच के बाद हांगकांग में 1038 करोड़ रुपये का कालाधन जमा कराने के मामले में 51 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इनमें 48 कंपनियां और तीन व्यक्ति शामिल हैं।

सीबीआई सूत्रों के अनुसार यह पैसा तीन सरकारी बैंकों के खातों से 2014 से 2015 के बीच भेजा गया। इसमें बैंक अधिकारियों की मिलीभगत भी सामने आई है। सीबीआई के मुताबिक इन लोगों के खिलाफ तीन जनवरी को एफआईआर दर्ज की गई। जिन 48 कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है उनमें से ज्यादातर के मालिक चेन्नई के रहने वाले हैं। वहीं, एफआईआर में मोहम्मद इब्रामसा जॉनी, जिंता मिधार और निजामुद्दीन को नामजद किया गया है। आरोप है कि इन लोगों ने बैंक ऑफ इंडिया, एसबीआई और पीएनबी के कुछ अधिकारियों से सांठगांठ कर 2014-15 के बीच 1038.34 करोड़ रुपये का कालाधन विदेश भेजा।



### आयात और विदेश यात्रा के नाम पर खेल

सीबीआई को सूचना मिली थी कि इन कंपनियों के नाम पर तीन सरकारी बैंकों की चार स्थानीय शाखाओं में 51 चालू खाते खोल गए। इनमें से 24 खातों से 488.39 करोड़ रुपये की राशि डॉलर में भेजी गई। यह रकम सामान के आयात के बदले एडवांस के तौर पर भेजी गई थी। जांच एजेंसी के मुताबिक आयातित सामान की कीमत और भेजी गई रकम में काफी अंतर था। वहीं, 27 खातों के जरिये भारतीय पर्यटकों की विदेश यात्रा के नाम पर 549.95 करोड़ रुपये भेजे गए। सीबीआई के मुताबिक रकम भेजने का सारा आधार फर्जी था।

## जावड़ेकर ने 30 मीडिया घरानों को प्रदान किया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान

नईदिल्ली (आरएनएस)। सूचना और प्रसारण, पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने मंगलवार को राष्ट्रीय मीडिया केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान 30 मीडिया संगठनों को पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान प्रदान किया। समारोह को संबोधित करते हुए, जावड़ेकर ने कहा कि यह पुरस्कार को उन मीडिया संगठनों के लिए एक अद्वितीय सम्मान है जिन्होंने समाज के हित के लिए योग को प्रसारित करने में योगदान दिया। विभिन्न मीडिया संगठनों के प्रयासों की सराहना करते हुए जावड़ेकर ने कहा कि अपनी तरह का यह पहला आयोजन है जो समाचार, विचार और विज्ञापनों से परे हैं।

## पुलवामा में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

» भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद

पुलवामा (आरएनएस)। जम्मू एवं कश्मीर में पुलवामा के अवंतीपुरा में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। आतंकी के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद भी बरामद किया गया है। हालांकि, अब तक आतंकवादी की शिनाख्त नहीं हो पाई है और सर्च अभियान अब भी जारी है। कश्मीर जोन के पुलिस ने कहा कि सुरक्षाबलों के साथ एक्सचेंज फायरिंग में एक आतंकवादी मारा गया और हथियार भी बरामद हुए हैं।



बता दें, जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवादियों के नजर आने पर सेना ने सोमवार को घेराबंदी एवं तलाश अभियान चलाया। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि कुछ स्थानीय लोगों ने आतंकवादियों के एक समूह को नाले में देखा और सेना को सूचित किया जिसके बाद उनकी तलाश के लिए घेराबंदी एवं तलाश अभियान चलाया गया।

## भारतीय मूल की दो महिलाएं न्यूयॉर्क में न्यायाधीश नियुक्त

**न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क शहर के मेयर बिल डे ब्लासियो ने भारतीय मूल की दो महिला वकीलों को आपराधिक और दीवानी अदालतों में न्यायाधीश नियुक्त किया है।**



न्यायाधीश अर्चना राव को आपराधिक अदालत में और न्यायाधीश दीपा अंबेकर (43) को दीवानी अदालत में नियुक्त किया गया है। राव को इससे पहले जनवरी 2019 में दीवानी अदालत में अंतरिम न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था।

न्यूयॉर्क काउंटी जिला अटॉर्नी कार्यालय में वह 17 साल से अपनी सेवाएं दे रही हैं। अंबेकर को मई 2018 में दीवानी अदालत में अंतरिम न्यायाधीश के रूप नियुक्त किया गया था।

मेयर ने परिवार अदालत, आपराधिक अदालत, दीवानी अदालत में 28 नियुक्तियां की हैं।

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर बने गति अवरोधकों को हटाने चला विशेष अभियान

नईदिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजमार्गों पर बने सभी प्रकार के गति अवरोधकों (स्पीड ब्रेकरों) को हटाने के लिए विशेष अभियान शुरु किया गया है। ऐसा विशेष रूप से टोल प्लाजाओं पर सड़क यातायात को सुगम और व्यवधान मुक्त बनाने के लिए किया जा रहा है।

टोल प्लाजों पर फास्टैग को प्रभावी तरीके से लागू किए जाने तथा नकद में टोल टैक्स वसूलने की व्यवस्था को फास्टैग में परिवर्तित किए जाने के साथ ही वहां बने गति अवरोधकों और रंबल स्ट्रिप्स को वाहनों की आवाजाही आसान बनाने के लिए तत्काल प्रभाव से हटाया जा रहा है।



विभिन्न श्रेणियों की सड़कों को अलग-अलग परिस्थितियों में वाहनों की गति नियंत्रित करने के हिसाब से डिजाइन किया गया है ताकि इन पर वाहनों का परिचालन सुगम और सुरक्षित तरीके से हो सके। कुछ स्थानों पर यातायात को नियंत्रित करने और सुरक्षित बनाए रखने के लिए उनकी गति पर नियंत्रण रखना आवश्यक हो जाता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि राष्ट्रीय राजमार्गों को बिना किसी बाधा के वाहनों को पूरी गति से आने जाने की सुविधा के अनुरूप डिज़ाइन किया गया है, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र के तहत राष्ट्रीय राजमार्गों से स्पीड ब्रेकरों को हटाने का अभियान शुरु किया गया है।

वाहनों की गति तेज या धीमी करते समय गति अवरोधक काफी दिक्कत पैदा करते हैं। इनकी वजह से ईंधन खपत भी ज्यादा होती है तथा यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। गति अवरोधक हटाए जाने से समय और पैसे दोनों की बचत होगी और साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गों पर विशेष रूप से एंबुलेंस गाड़ियों और वृद्ध जनों तथा अस्वस्थ लोगों को लाने ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही आसान हो सकेगी। व्यापक संदर्भ में यह ईंधन की बचत को भी सुनिश्चित करेगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली आने वाली 15 ट्रेनें 7 घंटे तक लेट

नईदिल्ली (आरएनएस)। एक बार फिर ठंड और कोहरे ने दिल्ली आने वाली 15 ट्रेनों की रफ्तार धीमी कर दी है। दिल्ली आने वाली ये ट्रेनें ढाई घंटे से सात घंटे तक लेट हैं। उत्तर रेलवे के मुताबिक, दिल्ली आने वाली चंडीगढ़ के एस क्रान्ति एक्सप्रेस सात घंटे लेट से चल रही है। जबकि, फैजाबाद दिल्ली एक्सप्रेस छह घंटे, कानपुर-नई दिल्ली श्रम शक्ति एक्सप्रेस पौने चार घंटे लेट, कटिहार-दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस चार घंटे, कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस तीन घंटे, पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस पौने चार घंटे, हैदराबाद-नई दिल्ली तेलगांना एक्सप्रेस छह घंटे और मालदा-दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस ढाई घंटे लेट से दिल्ली पहुंच रही है। बताया गया है कि जो ट्रेनें लेट से दिल्ली आ रही है उसमें अधिकांश लंबी दूरी की हैं।

### आईशी घोष समेत 19 पर तोड़फोड़ और मारपीट के आरोप में एफआईआर दर्ज

» जेएनयू बवाल

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में रविवार को हुई हिंसा के बाद आज दिल्ली पुलिस ने जेएनयू की छात्रसंघ अध्यक्ष आईशी घोष और 19 अन्य छात्रों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। बता दें कि यह एफआईआर चार जनवरी को इन छात्रों द्वारा सर्वर रूम में तोड़फोड़ करने और सिक्योरिटी गार्ड पर हमला करने के लिए दर्ज की गई है। यह एफआईआर जेएनयू प्रशासन ने पांच जनवरी को पुलिस में दर्ज कराई थी। एफआईआर के आरोपी कॉलम में अन्य छात्रों का नाम शामिल नहीं किया गया है, लेकिन डिटेल में उनका नाम दर्ज किया गया है।

### भारी भूकंपीय गतिविधि के बीच प्यूर्तो रिको में 6.4 तीव्रता का भूकंप

सैन जुआन। अमेरिकी क्षेत्र प्यूर्तो रिको में मंगलवार सुबह 6.4 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। इस इलाके में पिछले कई दिन से आ रहे भूकंपीय झटकों में आज का झटका सबसे भीषण था। इससे कई इलाकों में भारी नुकसान होने की खबर है। प्यूर्तो रिको के बिजली प्राधिकरण ने ट्विटर पर कहा कि भूकंप के कारण देश के मुख्य बिजली संयंत्रों में से एक नष्ट हो गया। भूकंप का केंद्र इस संयंत्र के पास ही था। प्राधिकरण ने दिन के उत्तरार्ध में बिजली आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद जताई। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने कहा कि भूकंप सुबह चार बजकर 24 मिनट पर आया जो द्वीप के दक्षिण में 10 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था। इसने शुरू में भूकंप की तीव्रता 6.6 बताई, लेकिन बाद में इसकी तीव्रता 6.4 बताई। इसने कहा कि आज का भूकंप 5.6 और 4.5 तीव्रता के झटकों के बाद आया। प्यूर्तो रिको और यूएस वर्जिन आईलैंड्स के लिए शुरू में सुनामी की चेतावनी जारी की गई, लेकिन बाद में इसे वापस ले लिया गया। दक्षिण पश्चिमी नगर गुनिका के निवासी अल्बर्ट रॉड्रिग्ज ने कहा कि उसके आसपास के इलाके में बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। इलाके की सड़क बीच में से फट गई। गुआयानिला के मेयर नेल्सन टोरेस ने नोटियूएनओ रेडियो स्टेशन से स्टेशन से कहा कि उनके नगर में पब्लिक प्लाजा स्थित चर्च ढह गया। प्यूर्तो रिको के सिस्मिक नेटवर्क निदेशक विक्टर हुएरफैनो ने कहा कि नुकसान या घायलों के बारे में सूचना प्राप्त करना मुश्किल है।

### जेजेपी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी आजमाएगी हाथ

» पार्टी ने बनाई 10 नेताओं की कमेटी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दो महीने पहले हरियाणा के विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन कर सत्ता में हिस्सेदार बनी जननायक जनता पार्टी की निगाह अब दिल्ली के चुनावी मैदान पर है। देश की राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव के ऐलान के साथ ही जेजेपी ने इस पर चर्चा शुरू कर दी है।